<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to make provision for Government Insurance Company for implementation of Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): अध्यक्ष महोदया, मैं प्रधान मंत्री मोदी जी को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने कृषि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू करके भारत के किसानों को एक नया ढाल दिया है, लेकिन यह बीमा निजी कंपनियां करती हैं। ये कंपनियां किसानों को उचित मुआवजा नहीं दे रही हैं। इसलिए मेरा आपसे अग्रह है कि केन्द्र सरकार पहल करे कि राज्य सरकारें स्वयं की बीमा कंपनी बनाए, जिससे किसानों को क्षतिपूर्ति ठीक ढंग से मिल सके। इसके साथ ही आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान को भी फसल बीमा में जोड़ने का कष्ट किया जाए। हमारे रीवा जिला में भयंकर आवारा पशु घूम रहे हैं, किसानों की फसल नष्ट हो रही है।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि राज्य सरकार को निर्देश देकर इसे पूर्ण करें। धन्यवाद।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री गणेश सिंह,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री जनार्दन मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।